रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग III—खण्ड 4
PART III—Section 4
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 60] नई दिल्ली, मंगलवार, फरवरी 12, 2019/माघ 23, 1940
No. 60] NEW DELHI, TUESDAY, FEBRUARY 12, 2019/MAGHA 23, 1940

महापत्तन प्रशुल्क प्राधिकरण

अधिसूचना

मुंबई, 28 जनवरी, 2019

सं. टीएएमपी/48/2018–सीओपीटी.—महापत्तन न्यास अधिनियम, 1963 (1963 का 38) की धारा 48 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, महापत्तन प्रशुल्क प्राधिकरण एतद्द्वारा संलग्न आदेशानुसार, कोचीन पत्तन न्यास में कार्गो परिचालनों के लिए प्रोत्साहन तथा जुर्माना योजना के आधार पर कार्यनिष्पादन मानदंड अनुमोदित करता है।

महापत्तन प्रशुल्क प्राधिकरण

सं. टीएएमपी/48/2018–सीओपीटी

कोचीन पत्तन न्यास **आवेदक**

कोरम

(i) श्री टी.एस. बालसुब्रमनियन, सदस्य (वित्त)

(ii) श्री रजत सच्चर, सदस्य (आर्थिक)

आदेश

(जनवरी, 2019 के 18वें दिन पारित)

यह मामला कोचीन पत्तन न्यास (सीओपीटी) से कार्गो परिचालनों के लिए प्रोत्साहन तथा जुर्माना योजना के आधार पर कार्यनिष्पादन मानदंडों के अनुमोदन हेतु प्राप्त प्रस्ताव दिनांक 29 मई 2018 से संबंधित है।

2.1. पोत परिवहन मंत्रालय ने 16 जून 2016 के पत्र के अंतर्गत महापत्तनों को शुष्क बल्क कार्गो हेतु बर्थिंग नीति, 2016 घोषित की थी और सभी महापत्तनों से कार्रवाई करने का अनुरोध किया था।

2.2. इस परिप्रेक्ष्य में, सीओपीटी दो कार्गो मदों अर्थात् पाइपलाइनों के माध्यम से प्रहस्तित पीओएल उत्पादों (सिवाय फरनेस ऑयल) और सीमेंट के लिए प्रोत्साहन तथा जुर्माना योजना पर आधारित कार्यनिष्पादन मानदंड अनुमोदित करने के लिए नवम्बर 2016 में एक प्रस्ताव लेकर आया था।

2.3. पत्तन द्वारा प्रहस्तित सीमेंट पाइपलाइनों के माध्यम से है। बर्थिंग नीति में पाइपलाइनों के माध्यम से शुष्क बल्क कार्गो के प्रहस्तन के लिए कार्यनिष्पादन मानदंडों पर पहुंचने के लिए मानदंड अथवा कार्यपद्धति निर्धारित नहीं की गई है।

उपर्युक्त स्थिति के मद्देनजर, और पाइप लाइन परिचालन के मामले में कार्यनिष्पादन मानकों के निर्धारण के लिए बर्थिंग नीति में निर्धारित किसी विशिष्ट कार्यपद्धति के अभाव में, पत्तन ने वर्ष 2015–16 में अर्जित वास्तविक कार्यनिष्पादन के आधार पर पाइपलाइनों के माध्यम से प्रहस्तित सीमेंट के लिए कार्यनिष्पादन मानदंडों का प्रस्ताव किया था।

2.4. पीओएल उत्पादों (सिवाय फरनेन्स ऑयल, बेनजीन तथा वेक्यूम रेसिडयू) के लिए, पत्तन ने वर्ष 2015–16 में अर्जित वास्तविक कार्यनिष्पादन के आधार पर बर्थों अर्थात् कोचीन ऑयल टर्मिनल (सीओटी), नॉर्थ टैंक बर्थ (एनटीबी) और साउथ टैंक बर्थ (एसटीबी) में लदाई/उतराई आर्मों के रूप में उपलब्ध बर्थ सुविधाओं पर विचार करते हुए कार्यनिष्पादन मानदंडों का प्रस्ताव किया था।

2.5. बर्थिंग नीति पत्तनों से यह अपेक्षा करती है कि लक्षित मानदंडों को अर्जित किए जाने तक प्रथम वर्ष में प्रत्येक तिमाही में कार्यनिष्पादन मानदंडों की समीक्षा करें। चूंकि पीओएल उत्पादों के लिए सीओपीटी द्वारा दाखिल प्रस्ताव एमओएस द्वारा जारी बर्थिंग नीति के मद्देनजर तथा पूर्वोक्त नीति में निर्धारित प्रोत्साहन/जुर्माना के सिद्धांत को अंगीकृत करते हुए बताया गया था, इसलिए कार्यनिष्पादन मानकों से संबंधित प्रोत्साहन/जुर्माना हेतु पत्तन द्वारा प्रस्तावित कार्यनिष्पादन मानक केवल प्रथम वर्ष के लिए अनुमोदित किए गए थे।

2.6. तदनुसार, इस प्राधिकरण ने अपने आदेश सं. टीएएमपी/75/2016–सीओपीटी दिनांक 29 मार्च 2017 द्वारा सीओपीटी द्वारा यथा प्रस्तावित सीओपीटी में कार्गो परिचालनों के लिए प्रोत्साहन/जुर्माना आधारित कार्यनिष्पादन मानदंड अनुमोदित किए थे। यह आदेश भारत के राजपत्र में दिनांक 05 मई 2017 को राजपत्र सं. 189 द्वारा अधिसूचित किया गया था। अधिसूचित प्रावधान 04 जून 2017 से लागू किए गए थे और एक वर्ष अर्थात् 3 जून 2018 तक वैध थे।

3. सीओपीटी द्वारा अपने मौजूदा प्रस्ताव दिनांक 29 मई 2018 में कही गई मुख्य बातों को नीचे सारबद्ध किया गया है:–

(i). सीओटी, एनटीबी तथा एसटीबी में प्रहस्तित पीओएल उत्पादों (सिवाय फरनेन्स ऑयल) और पाइपलाइनों के माध्यम से प्रहस्तित सीमेंट के लिए सीओपीटी में कार्गो परिचालनों के लिए 'प्रोत्साहन तथा जुर्माना आधारित कार्यनिष्पादन मानदंड योजना' 04 जून 2017 से लागू की गई थी, जोकि निम्नवत् है:

(क). **प्रोत्साहन तथा जुर्माना आधारित कार्यनिष्पादन मानदंड योजना:**

क्र.सं.	घटक	कार्यनिष्पादन मानदंड
1	पीओएल उत्पाद सिवाय फरनेन्स ऑयल, सीओटी, एनटीबी तथा एसटीबी में प्रहस्तित	650 टन/घंटा
2	पाइपलाइनों के माध्यम से प्रहस्तित सीमेंट	190 टन/घंटा/प्वाइंट

(ख). **प्रोत्साहन और जुर्माना:**

क्र.सं.	प्रोत्साहन (बचत किए गए बर्थ घंटों के लिए)		जुर्माना (मानदंड संबंधी घंटों से अधिक बर्थ घंटों के लिए)	
	वास्तविक बर्थ घंटे	प्रोत्साहन	वास्तविक बर्थ घंटे	जुर्माना
1.	विनिर्दिष्ट समय के 5 प्रतिशत के भीतर	शून्य	विनिर्दिष्ट समय के 5 प्रतिशत के भीतर	शून्य
2.	विर्निष्ट समय के 5 प्रतिशत से 15 प्रतिशत कमतर	0.5 X बर्थ किराया	विर्निष्ट समय के 5 प्रतिशत से 15 प्रतिशत अधिक	1.0 X बर्थ किराया
3.	विनिर्दिष्ट समय के 15 प्रतिशत से कमतर	1.0 X बर्थ किराया	विनिर्दिष्ट समय के 15 प्रतिशत से अधिक	2.0 X बर्थ किराया

(ii). कई पीओएल उत्पादों की ढुलाई करने वाले पोतों के लिए 6 घंटों की समयावधि पूर्व–प्रारंभ तथा औपचारिकताएं पूरी होने के बाद दी गई हैं, कार्गो के प्रत्येक ग्रेड के लिए अतिरिक्त 2 घंटे स्वीकृत किए गए हैं।

(iii). निम्नलिखित में से किसी कारण से किसी परिचालन को रोकना को जुर्माना/प्रोत्साहन की गणना करने के लिए जलयानों के कार्यनिष्पादन के परिकलन से अलग रखा गया है:

(क). उप संरक्षक द्वारा यथा प्रमाणित सुरक्षित नौचालन के लिए ज्वारभाटा, डुबाव, आदि के लिए प्रतीक्षारत जलयानों का कोई विराम।
(ख). पाइलट की देरी से आपूर्ति और टग की अनुपलब्धता सहित पत्तन के कारण जलयान के नौचालन में कोई विलंब।
(ग). मौसम संबंधी विराम और विलंब।
(घ). पोतों के स्थानांतरण के कारण विराम तथा विलंब।
(ङ). पत्तन द्वारा प्राधिकृत बंकरों, मरम्मत आदि हेतु जलयान का कोई विस्तारित विराम।
(च). अधिकतम 30 मिनट अवधि तक डुबाव सर्वेक्षणों द्वारा उपभोग किया गया समय।
(छ). बर्थ में पत्तन द्वारा उपलब्ध करवाये गए उपस्कर का खराब होना/अनुपलब्धता।

(iv). टीएएमपी आदेश के अनुसार, यह योजना 04 जून 2017 से कार्यान्वयन की तारीख से एक वर्ष के लिए वैध है। यह योजना निम्नलिखित मानदंडों के साथ प्रारंभिक तौर पर लागू की गई थी:

	घटक	कार्यनिष्पादन मानदंड
1	सीओटी, एनटीबी तथा एसटीबी में प्रहस्तित फरनेस ऑयल के सिवाय पीओएल उत्पाद	650 टन/घंटा
2	पाइपलाइनों के माध्यम से प्रहस्तित सीमेंट	190 टन/घंटा/प्वाइंट

(v). बर्थिंग नीति शुष्क बल्क के विभिन्न घटकों के लिए कार्यनिष्पादन मानदंड निर्धारित करने हेतु दिशानिर्देश बनाती है। तथापि, सीओपीटी ने अपनी कार्गो प्रोफाइल में पीओएल के वर्चस्व पर विचार करते हुए पीओएल उत्पादों (सिवाय फरनेस ऑयल) हेतु मानदंडों का प्रस्ताव किया था; और केवल एक शुष्क बल्क घटक; पाइपलाइनों के माध्यम से प्रहस्तित सीमेंट मानदंडा लागू करने के लिए सुविचारित किया गया था क्योंकि अन्य शुष्क बल्क कार्गो सीओपीटी के लिए अप्रासंगिक रहते हैं। विशिष्ट परिस्थितियों के लिए महापत्तनों द्वारा दिशानिर्देशों का अंगीकरण करने की बर्थिंग नीति द्वारा अनुमति दी गई है।

(vi). महापत्तन न्यास अधिनियम, 1963 की धारा 111 के अधीन भारत सरकार के नीति निदेश के अधीन जारी 'महापत्तन न्यासों के लिए प्रशुल्क के निर्धारण हेतु नीति, 2015' के खंड 1.5 के अनुपालन में टीएएमपी द्वारा राजपत्र सं. 207 दिनांक 04 जून 2015 द्वारा अधिसूचित 'महापत्तन न्यासों हेतु प्रशुल्क के निर्धारण के लिए नीति लागू करने हेतु कार्यकारी दिशानिर्देश, 2015' के खंड 10.7 के अनुसार भी, अर्जित किया जाने वाला उद्देश्यपरक मानदंड अथवा लदाई/उतराई मानदंड विनिर्दिष्ट किए जाएंगे और ऐसा नहीं करने पर दंडात्मक बर्थ किराया प्रभार देय हो जाएंगे। मानदंडों में कार्गो प्रकार, प्रहस्तन उपस्कर और बर्थ में अन्य सुविधाओं, उप संरक्षक द्वारा यथा प्रमाणित सुरक्षित नौचालन के लिए ज्वारभाटा, डुबाव आदि हेतु प्रतीक्षारत जलयानों के किसी विराम को ध्यान में रखना होगा।

(vii). बर्थिंग नीति के खंड 7.2 के अनुसार, बर्थिंग नीति के कार्यनिष्पादन मानदंडों को वापिस लेने के लिए, यह उम्मीद की गई है कि आदर्श मानदंडों के मामले में, अधिकांश जलयान मानदंडों से बेहर निष्पादन करने वाले कुछ जलयानों से मानदंडों को अर्जित करने में समर्थ होंगे। दिशानिर्देश के रूप में, जलयानों के 60 प्रतिशत से 70 प्रतिशत से अधिक निर्धारित मानदंडों को अर्जित कर रहे हैं तो पत्तन मानदंडों में वृद्धि करनी चाहिए।

(viii). तदनुसार, पत्तन ने निम्नलिखित के लिए 12 फरवरी 2018 से मानदंडों संशोधित किया था:

क्र.सं.	**घटक**	**कार्यनिष्पादन मानदंड**
1	पीओएल उत्पाद सिवाय फरनेस ऑयल, सीओटी, एनटीबी एवं एसटीबी में प्रहस्तित	800 टन/घंटा
2	पाइपलाइनों के माध्यम से प्रहस्तित सीमेंट	210टन/घंटा/प्वाइंट

(ix). 15 फरवरी 2018 से 15 मई 2018 अवधि के लिए किए गए तिमाही मूल्यांकन में, मानदंडों के संशोधन के बाद, यह पाया गया था कि फरनेस ऑयल के सिवाय पीओएल उत्पादों के 24 जलयान सीओटी, एनटीबी तथा एसटीबी में प्रहस्तित किए गए थे जिनमें से 17 जलयानों (70.8 प्रतिशत) ने 800 टीपीएच का मानदंड अर्जित किया था। इस अवधि में 24 जलयानों की औसत उत्पादकता जोकि 14 (58.3 प्रतिशत) जलयानों तक अर्जित की गई थी। अतः, सीओटी, एनटीबी तथा एसटीबी में प्रहस्तित फरनेस ऑयल के सिवाय पीओएल उत्पादों के लिए मानदंड को संशोधित कर 1000 टीपीएच करने का प्रस्ताव किया गया है।

(x). इसी तरह, 15 फरवरी 2018 से 15 मई 2018 अवधि में, पाइपलाइनों के माध्यम से प्रहस्तित सीमेंट के 14 जलयानों के संशोधन के बाद, 6 जलयानों (42.8 प्रतिशत) ने 210 टीपीएच का मानदंड अर्जित किया था। इस अवधि में 14 जलयानों की औसत उत्पादकता 196 टीपीएच बी, जिसे 9 (64.3 प्रतिशत) जलयानों द्वारा अर्जित किया गया था। अतः, पाइपलाइनों के माध्यम से प्रहस्तित सीमेंट के लिए मानदंड बिना संशोधन के 210 बनाये रखा गया है।

(xi). उपर्युक्त संशोधित मानदंड 15 जून 2018 से लागू किए जाने के लिए प्रस्तावित किए गए हैं।

(xii). 04 जून 2018 से अन्य 2 वर्षों के लिए 03 जून 2018 तक लागू, टीएएमपी द्वारा राजपत्र सं. 189 दिनांक 05 मई 2017 द्वारा अधिसूचित, एमओएस की बर्थिंग नीति के अधीन, पाइपलाइनों के माध्यम से सीओटी, एनटीबी एवं एसटीबी में प्रहस्तित फरनेस ऑयल के सिवाय पीओएल उत्पादों के लिए सीओपीटी में प्रोत्साहन एवं जुर्माना आधारित योजना की वैधता विस्तारित करने के लिए प्राधिकरण के अनुमोदन का अनुरोध है।

4.1. निर्धारित परामर्शी प्रक्रिया के अनुसार, सीओपीटी प्रस्ताव दिनांक 29 मई 2018 की प्रति हमारे पत्र दिनांक 06 जून 2018 द्वारा संबद्ध उपयोक्ताओं/संगठनों को उनकी टिप्पणियों के लिए परिचालित की गई थी। इसके लिए अनुस्मारक दिनांक 06 जुलाई 2018 भी दिया गया था।

4.2. कोयंबटूर कस्टम हाऊस एंड क्लियरिंग एजेंट्स एसोएिशन (सीसीएचसीएए) और भारत पेट्रोलियम कारपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) से उनके ईमेलों क्रमशः दिनांक 11 जुलाई 2018 और 12 जुलाई 2018 और अम्बुजा सीमेंट्स लिमिटेड (एसीएल) से उसके पत्र दिनांक 13 जुलाई 2018 द्वारा विषय प्रस्ताव पर प्राप्त टिप्पणियां सीओपीटी को प्रतिपुष्टि सूचना के रूप में अग्रेषित की गई थीं। सीओपीटी ने अपने पत्र दिनांक 07 अगस्त 2018 द्वारा अपना जवाब भेजा था।

4.3. उपयोक्ताओं/उपयोक्ता एसोसिएशनों की टिप्पणियों पर टिप्पणियां प्रस्तुत करते समय सीओपीटी ने कुछ और निवेदन किए थे। सीओपीटी द्वारा किए गए अतिरिक्त निवेदन नीचे सारबद्ध किए गए हैं:–

(i). बर्थिंग नीति के दिशानिर्देशों के खंड 7.2 के अनुसार, सीओपीटी द्वारा मानदंडों को 12 फरवरी 2018 से संशोधित किया गया था, जोकि निम्नवत् हैं:–

(क). सीओटी, एनटीबी तथा एसटीबी में प्रहस्तित फरनेस ऑयल के सिवाय पीओएल उत्पादों के मामले में, मानदंडों को 650 टन प्रति घंटा (टीपीएच) से संशोधित कर 800 टीपीएच किया गया था। यह इस तथ्य पर विचार करते हुए था कि सीओटी, एनटीबी तथा एसटीबी में प्रहस्तित फरनेस ऑयल के सिवाय पीओएल उत्पादों के 51 में से 39 (76.5 प्रतिशत) जलयानों ने 2 तिमाहियों की अवधि में 650 टीपीएच के पूर्व मानदंड अर्जित किए थे। इसके अलावा, जून–नवंबर 2017 उपर्युक्त अवधि में 51 जलयानों की औसत उत्पादकता 837 टीपीएच थी, जिसे 25 जलयानों (49.0 प्रतिशत) द्वारा अर्जित किया गया था; और प्रस्तावित 800 टीपीएच के संशोधित मानदंड 51 में से 28 (54.9 प्रतिशत) जलयानों द्वारा अर्जित किए गए थे।

(ख). पाइपलाइनों के माध्यम से प्रहस्तित सीमेंट के मामले में, मानदंडों को 190 टीपीएच से 210 टीपीएच में संशोधित किया गया था। यह इस तथ्य पर विचार कर किया गया था कि पाइपलाइनों के माध्यम से सीमेंट प्रहस्तन करने वाले 33 में से 26 (78.8प्रतिशत) ने दो तिमाहियों, जून–नवंबर 2017, की अवधि में 190 टीपीएच के पूर्व मानदंड अर्जित किए थे। इसके अलावा, उपर्युक्त अवधि में 33 जलयानों की औसत उत्पादकता 202 टीपीएच थी, जिसे 23 जलयानों (69.7 प्रतिशत) द्वारा अर्जित किया गया था; और 210 टीपीएच के प्रस्तावित संशोधित मानदंड 33 में से 15 (45.4 प्रतिशत) जलयानों द्वारा अर्जित किए गए थे।

(ii). बर्थिंग नीति के खंड 3 'उद्देश्य' के अनुसार, बर्थिंग नीति का मुख्य आशय निम्नलिखित के लिए उच्चतर उत्पादकता प्राप्त करने के उद्देश्य से मानदंड तैयार करना और उपलब्ध उपस्करों/अवसंरचना की निकट डिजाइन क्षमता को अर्जित करना है:

(क). पत्तनों के राजस्व में इजाफा करने और ट्रेड के लिए मूल्य अनलॉक करने के लिए जलयानों के वापिसी समय को कम करना और उच्चतर कार्गो थ्रुपुट प्राप्त करना।

(ख). मौजूदा परिसंपत्तियों पर आरओआई में वृद्धि करने के लिए पत्तन परिसंपत्तियों के उपयोग में सुधार करना तथा अतिरिक्त क्षमता सृजन के लिए केपेक्स से बचाव, और

(ग). निजी पत्तनों के सापेक्ष महापत्तनों की प्रतिस्पर्धात्मकता में वृद्धि करना।

(iii). उपर्युक्त के आलोक में, सीओपीटी ने योजना के अधीन सुविचारित कार्गो का प्रहस्तन करने वाले जलयानों की अर्जित उत्पादकता के आधार पर बर्थिंग नीति के दिशानिर्देशों के अनुसार प्रोत्साहन तथा जुर्माना योजना कार्यान्वित की थी।

(iv). प्रोत्साहन के अधीन भुगतानों ने 04 जून 2017 से 30 जून 2018 तक कार्यान्वयन से सीओटी, एनटीबी तथा एसटीबी में प्रहस्तित फरनेस ऑयल के सिवाय पीओएल उत्पादों के लिए योजना के परिचालन के दौरान जुर्माने के अंतर्गत प्राप्तियों में वृद्धि हुई थी। पाइपलाइनों के माध्यम से प्रहस्तित सीमेंट के लिए, जुर्माने ने, जनवरी–मार्च, 2018 के दौरान के सिवाय प्रोत्साहन भुगतानों को पार किया था। दो कार्गो मदों पर प्रोत्साहन तथा जुर्माना नीचे तालिकाबद्ध किए गए हैं:

क. सीओटी, एनटीबी एवं एसटीबी में प्रहस्तित फरनेस ऑयल के सिवाय पीओएल उत्पाद(रु. में)

मद	जून17	जुलाई–सितम्बर 17	अक्तू.–दिस. 17	जन.–मार्च 18	अप्रै.–जून 18	कुल
प्रोत्साहन	5,68,460	22,80,364	22,44,822	18,71,253	13,98,690	83,63,589
जुर्माना	10,24,229	5,65,782	16,02,995	12,44,870	20,03,760	64,41,636
प्रोत्साहनों के लेखा पर निवल भुगतान	-4,55,769	17,14,583	6,41,827	6,26,383	-6,05,070	19,21,953

ख. पाइपलाइनों के माध्यम से प्रहस्तित सीमेंट (रु. में)

मद	जून 17	जुलाई–सितम्बर 17	अक्तू.–दिस.17	जन.–मार्च 18	अप्रै.–जून 18	कुल
प्रोत्साहन	43,654	93,332	1,50,756	1,14,635	73,418	4,75,794
जुर्माना	85,051	3,03,470	2,62,88,	1,08,597	3,31,551	10,91,551
जुर्माना के लेखा पर निवल प्राप्तियां	-41,397	-2,10.138	-1,12,125	6,037	-2,58,133	-6,15,756

(v). योजना के लिए मूल प्रस्ताव में यथा उल्लिखित, सीओपीटी ने कम कार्यनिष्पादन करने वाले जलयानों पर जुर्माने के बोझ को कम करने के लिए बर्थिंग नीति में प्रोत्साहन के तीन गुना की दर से निर्धारित जुर्माने के स्थान पर प्रोत्साहन के दो गुना की दर से एकसमान रूप से जुर्माना निर्धारित किया है।

(vi). उपर्युक्त पर विचार करते हुए, प्राधिकरण प्रस्ताव दिनांक 29 मई 2018 में यथा उल्लिखित संशोधित मानदंडों के साथ 04 जून 2018 से अन्य 2 वर्षों के लिए 03 जून 2018 तक प्रभावी, टीएएमपी द्वारा राजपत्र सं. 189 दिनांक 05 मई 2017 द्वारा अधिसूचित पोत परिवहन मंत्रालय की बर्थिंग नीति के अधीन पाइपलाइनों के माध्यम से प्रहस्तित सीमेंट और सीओटी, एनटीबी तथा एसटीबी में प्रहस्तित फरनेस ऑयल के सिवाय पीओएल के लिए सीओपीटी में "कार्यनिष्पादन मानदंड आधारित प्रोत्साहन तथा जुर्माना योजना' की वैधता का विस्तार करने के लिए प्रस्ताव अनुमोदित करे।

5.1. इस मामले में संयुक्त सुनवाई 23 अक्तूबर 2018 को सीओपीटी परिसर में आयोजित की गई थी। सीओपीटी ने अपने प्रस्ताव का संक्षिप्त पावर प्वाइंट प्रस्तुतीकरण दिया था। सीओपीटी तथा संबद्ध उपयोक्ताओं/उपयोक्ता संगठनों ने संयुक्त सुनवाई में अपने निवेदन प्रस्तुत किए थे।

5.2. संयुक्त सुनवाई में यथा सहमत, सीओपीटी से हमारे पत्र दिनांक 26 अक्तूबर 2018 द्वारा अनुरोध किया गया था कि पूर्व संयुक्त सुनवाई में उठाये गए निम्नलिखित बिन्दुओं पर कार्रवाई की जाए:

(i). संयुक्त सुनवाई में, भारत पेट्रोलियम कारपोरेशन लि. (बीपीसीएल) और इंडियन ऑन कारपोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) ने मुख्य रूप से यह उद्धरित करते हुए 1000 टन/घंटा की दर से पीओएल उत्पादों के प्रस्तावित वर्धित कार्यनिष्पादन मानकों को अर्जित करने में मुश्किल के बारे में ध्यान आकर्षित किया था कि कार्गो की विभिन्न प्रकृति की भिन्न–भिन्न लदाई/उतराई दर है और पाइपलाइन के दबाव को सुरक्षा सीमा से अधिक नहीं बढ़ाया जा सकता। उन्होंने कार्गो–वार कार्यनिष्पादन मानकों के लिए अनुरोध किया था। संयुक्त सुनवाई में यथा सहमत, ऑयल कम्पनियों द्वारा कही गई बातों के मद्देनजर, सीओपीटी से हमारे पत्र दिनांक 26 अक्तूबर 2018 द्वारा अनुरोध किया गया था कि उनके साथ बैठें और प्रस्ताव की जाँच करें तथा एक सप्ताह की समयावधि में अर्थात् 2 नवम्बर 2018 तक प्रतिसाद दें।

(ii). संयुक्त सुनवाई में यथा निर्णीत, हमारे पत्र दिनांक 26 अक्तूबर 2018 द्वारा उपयोक्ताओं/उपयोक्ता संगठनों से भी यह अनुरोध किया गया था कि वे इस विषय प्रस्ताव पर अतिरिक्त टिप्पणियां, यदि कोई हों, प्राधिकरण और सीओपीटी को 4 दिनों के भीतर अर्थात् 31 अक्तूबर 2018 तक प्रस्तुत कर दें। सीओपीटी से अनुरोध किया गया था कि उपयोक्ताओं से टिप्पणियां प्राप्त होने के 4 दिनों के भीतर उपयोक्ताओं/उपयोक्ता संगठनों की टिप्पणियों पर अपना प्रतिसाद भेजे।

6.1. उपर्युक्त पैरा 5.2 में उल्लिखित उपर्युक्त प्रथम तथा द्वितीय कार्रवाई बिन्दु के संदर्भ में, बीपीसीएल, पेन्ना सीमेंट्स इंडस्ट्रीज लिमिटेड (पीसीआईएल) और आईओसीएल ने अपने ईमेलों क्रमशः दिनांक 24 अक्तूबर 2018 और 2 नवम्बर 2018, 3 नवम्बर 2018 तथा 3 नवम्बर 2018 द्वारा अपनी टिप्पणियां भेजी थीं जिन्हें सीओपीटी को प्रतिपुष्टि सूचना के रूप में अग्रेषित किया गया था। सीओपीटी ने अपने पत्र दिनांक 16 नवम्बर 2018 द्वारा अपना जवाब प्रस्तुत किया था।

6.2. सीओपीटी द्वारा प्रस्तावित सीओटी, एनटीबी तथा एसटीबी में प्रहस्तित पीओएल उत्पादों (सिवाय फरनेस ऑयल) के लिए संयुक्त मानदंडों की बजाय एचएसडी, एमएस, नाप्था के लिए घटक वार उत्पादकता मानदंड नीचे तालिकाबद्ध किए गए हैं:

क्र.सं.	घटक	कार्यनिष्पादन मानदंड
1.	सीओटी, एनटीबी तथा एसटीबी में प्रहस्तित पीओएल उत्पाद सिवाय फरनेस ऑयल	
	एचएसडी	1,050टन/घंटा
	एमएस	600 टन/घंटा
	नाप्था	750 टन/घंटा
2.	पाइपलाइनों के माध्यम से प्रहस्तित सीमेंट	210 टन/घंटा/प्वाइंट

7.1. सीओपीटी के प्रस्ताव के साथ सीओपीटी का प्रस्ताव अनुमोदित करने वाले बोर्ड संकल्प की प्रति संलग्न नहीं थी।

7.2. सीओपीटी ने अपने ईमेल दिनांक 17 दिसम्बर 2018 द्वारा कहा था कि प्रोत्साहन तथा जुर्माना आधारित कार्यनिष्पादन मानदंड योजना बोर्ड की दिनांक 08 अगस्त 2016 की बैठक के संकल्प 82 द्वारा बोर्ड से अनुमोदन प्राप्त करने के बाद 2016 में सीओपीटी में कार्यान्वित की गई थी। तत्पश्चात, जब मानदंड संशोधित किए गए थे, अध्यक्ष का अनुमोदन प्राप्त किया गया था और इसे लागू किया गया था। सीओपीटी ने बताया है कि वह संशोधित बर्थिंग मानदंडों से संबंधित मामला आगामी बोर्ड बैठक में प्रस्तुत करेगा और संशोधित मानदंडों को लागू किए जाने का अनुसमर्थन प्राप्त करेगा तथा बोर्ड के अनुसमर्थन की प्रतिलिपि प्राधिकरण को भेज देगा।

8. उपर्युक्त के पश्चात, भारत पेट्रोलियम कारपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) ने अपने ईमेल दिनांक 14 दिसम्बर 2018 द्वारा सीओपीटी को संबोधित पत्र दिनांक 14 दिसम्बर 2018 की प्रति अग्रेषित की थी। बीपीसीएल से प्राप्त उक्त पत्र की प्रति सीओपीटी को प्रतिपुष्टि सूचना के लिए अग्रेषित की गई थी और हमारे पत्र दिनांक 18 दिसम्बर 2018 द्वारा बिन्दुवार विशिष्ट टिप्पणियां भेजी गई थीं। पत्तन ने अपना प्रतिसाद नहीं भेजा था।

9. इस मामले में परामर्श संबंधी कार्यवाहियाँ इस प्राधिकरण के कार्यालय के अभिलेखों में उपलब्ध हैं। प्राप्त हुई टिप्पणियों तथा संबद्ध पक्षों द्वारा की गई टिप्पणियों का सार प्रासंगिक पक्षों को अलग से भेजा जाएगा। ये ब्योरे हमारी वेबसाइट http://tariffauthority.gov.in पर भी उपलब्ध करवाये जाएंगे।

10. मामले की कार्यवाही के दौरान एकत्र की गई समग्र सूचना के संदर्भ में, निम्नलिखित स्थिति प्रकट होती है:

(i). इस प्राधिकरण ने आदेश सं. टीएएमपी/75/2016–सीओपीटी दिनांक 29 मार्च 2017 द्वारा सीओपीटी द्वारा यथा प्रस्तावित कोचीन पत्तन न्यास (सीओपीटी) में कार्गो परिचालनों के लिए पाइपलाइनों के माध्यम से प्रहस्तित सीमेंट और पीओएल (सिवाय फरनेस ऑयल, बेंजीन तथा वेक्यूम रेजीडयू) जैसी कार्गो की दो श्रेणियों के लिए कार्यनिष्पादन मानदंडों से संबंधित कार्यनिष्पादन मानदंड तथा प्रोत्साहन/जुर्माना अनुमोदित किया था। उक्त आदेश 04 जून 2017 से लागू हुआ था और एक वर्ष अर्थात् 3 जून 2018 तक वैध था।
बर्थिंग नीति पत्तनों से यह अपेक्षा करती है कि लक्षित मानदंडों को अर्जित किए जाने तक प्रत्येक वर्ष में प्रत्येक तिमाही में कार्यनिष्पादन मानदंडों की समीक्षा की जाए। चूंकि पीओएस उत्पादों के लिए सीओपीटी द्वारा दाखिल प्रस्ताव एमओएस द्वारा जारी बर्थिंग नीति के मद्देनजर तथा पूर्वोक्त नीति में निर्धारित प्रोत्साहन/जुर्माना के सिद्धांतों को अंगीकृत करते हुए बताया गया था, कार्यनिष्पादन मानकों से जुड़े प्रोत्साहन/जुर्माना के लिए पत्तन द्वारा प्रस्तावित कार्यनिष्पादन मानक केवल प्रथम वर्ष के लिए अनुमोदित किए गए थे जोकि 3 जून 2018 तक वैध थे।

(ii). अब, सीओपीटी ने इस प्राधिकरण द्वारा आदेश दिनांक 29 मार्च 2017 द्वारा अनुमोदित एमओएस की बर्थिंग नीति के अधीन सीओटी, एनटीबी तथा एसटीबी में प्रहस्तित पीओएल उत्पादों (सिवाय फरनेस ऑयल, बेंजीन तथा वेक्यूम रेसीडयू) तथा पाइपलाइनों के माध्यम से प्रहस्तित सीमेंट के लिए सीओपीटी में प्रोत्साहन तथा जुर्माना योजना के आधार पर कार्यनिष्पादन मानदंडों की वैधता के विस्तार की मांग करते हुए अपना मौजूदा प्रस्ताव जमा किया है। यद्यपि सीओपीटी का प्रस्ताव कार्यनिष्पादन मानदंडों के विस्तार के लिए है, परन्तु पूर्ववर्ती अनुच्छेदों से देखा जा सकता है कि सीओपीटी ने अपने मूल प्रस्ताव दिनांक 29 मई 2018 में उक्त दो कार्गो श्रेणियों के लिए संशोधित सुधार किए गए कार्यनिष्पादन मानदंडों का भी प्रस्ताव किया है।
तत्पश्चात, 1000 टन/घंटा की दर से पीओएल उत्पादों के संशोधित प्रस्तावित कार्यनिष्पादन मानकों को अर्जित करने में ऑयल कम्पनियों अर्थात् भारत पेट्रोलियम कारपोरेशन लि. (बीपीसीएल) और इंडियन ऑयल कारपोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) द्वारा अभिव्यक्त विरोधों के मद्देनजर, सीओपीटी ने अपने पत्र दिनांक 16 नवम्बर 2018 द्वारा प्रस्तावित कार्यनिष्पादन मानदंडों की समीक्षा की थी और पत्तन द्वारा अपने मूल प्रस्ताव में प्रस्तावित पीओएल उत्पादों के लिए सामान्य कार्यनिष्पादन मानदंडों के बजाय पीओएल उत्पादों अर्थात् हाइ स्पीड डीजल (एचएसडी), मोटर स्पिरिट (एमएस) तथा नाथा के लिए प्रस्तावित घटक–वार मानदंडों की समीक्षा की थी। सीओपीटी द्वारा इस मामले की कार्यवाही के दौरान पत्तन द्वारा किए गए निवेदनों के साथ अपने पत्र दिनांक 16 नवम्बर 2018 द्वारा प्रस्तुत अंतिम संशोधित मसौदा कार्गो–वार कार्यनिष्पादन मानदंड इस विश्लेषण में सुविचारित किए गए हैं।

(iii). (क). बर्थिंग नीति का खंड 4.1.2. शुष्क बल्क कार्गो की मानक उत्पादकता की गणना के लिए कार्यपद्धति निर्धारित करती है। यह मॉडल पत्तन से यह अपेक्षा करता है कि परिवर्ती कारकों अर्थात् घटक का घनत्व, उपलब्ध ग्रैब का आकार, घटक विशेष के लिए उठाने का कारक, प्रति घंटा चक्रों की संख्या, प्रति पाली गैर–कार्य समय, कुल कार्गो का प्रतिशत जो पूर्ण–लदान अथवा आंशिक लदान परिचालन तथा पोत प्रोफाइल द्वारा कवर होता है, पर विचार करते हुए प्रत्येक शुष्क बल्क घटक के लिए मानक उत्पादकता स्तर की गणना की जाए। यहाँ पर उल्लिखित इन शुष्क बल्क घटकों के लिए बर्थिंग नीति में निर्धारित कार्यनिष्पादन मानदंड 100 टन एचएमसी, 60 टन/80 टन एचएमसी तथा जलयान गियरों सहित के संदर्भ में हैं। बर्थिंग नीति का खंड 7.1 विनिर्दिष्ट करता है कि सभी महापत्तनों को विभिन्न शुष्क बल्क कार्गो घटकों के लिए कार्यनिष्पादन मानदंडों की गणना करने के लिए अपनी मौजूदा अवसंरचना के आधार पर स्वीकार करते हुए नीति में विस्तृत दृष्टिकोण का प्रयोग करना होगा।
पिछले आदेश दिनांक 29 मार्च 2017 के दौरान पत्तन द्वारा यथा स्पष्ट, पत्तन द्वारा प्रहस्तित सीमेंट पाइपलाइनों के माध्यम से है। बर्थिंग नीति पाइपलाइनों के माध्यम से शुष्क बल्क कार्गो के प्रहस्तन के लिए कार्यनिष्पादन मानदंडों पर पहुंचने के लिए मानदंड अथवा कार्यपद्धति निर्धारित नहीं करती है। पत्तन के पास सीमेंट का प्रहस्तन करने वाले 3 परिचालक हैं। सीमेंट प्रहस्तन के लिए पत्तन में मौजूदा अवसंरचना के अनुसार, जलयान से इस कार्गो के स्थानांतरण पाइपलाइनों के माध्यम से जलयान सिलोस से जुड़ा होता है। परिचालन के लिए बर्थ में किसी अन्य उपस्करों तथा जनशक्ति की आवश्यकता नहीं है। पिछले संशोधन आदेश दिनांक 29 मार्च 2017 के दौरान सीओपीटी द्वारा प्रस्तुत स्थिति पर भी मौजूदा प्रस्ताव के लिए विचार किया गया है।

(ख). नीति का खंड 7.2 विनिर्दिष्ट करता है कि जलयानों के 60 प्रतिशत से 70 प्रतिशत से अधिक निर्धारित मानदंडों को अर्जित कर रहे हैं तो पत्तन को मानदंडों में वृद्धि करनी चाहिए। बर्थिंग नीति पत्तनों से अपेक्षा करती है कि लक्षित मानदंडों को अर्जित किए जाने तक प्रथम वर्ष में प्रत्येक तिमाही में कार्यनिष्पादन मानदंडों की समीक्षा करें।
उपर्युक्त के मद्देनजर, सीओपीटी ने मार्च 2017 में निर्धारित 190 टीपीएच से जून से नवम्बर 2017 के दौरान पत्तन में वास्तव में अर्जित उत्पादकता के आधार पर 210 टीपीएच तक पाइपलाइन के माध्यम से प्रहस्तित सीमेंट के लिए मानदंडों की समीक्षा तथा संशोधन किया था। इसे नीचे तालिकाबद्ध किया गया है:

पाइपलाइन के माध्यम से सीमेंट

क्र.सं.	ब्योरे	उत्पादकता मानदंड
1	टीएएमपी ने 04–06–2017 से 03–06–2018 तक एक वर्ष की अवधि के लिए टीएमएपी अनुमोदित उत्पादकता मानदंड। जून 2017 से नवम्बर 2017 (6 माह) तक समीक्षा अवधि के दौरान 78.80 प्रतिशत सीमेंट जलयानों ने 190 टन/घंटा	

	अर्जित किए थे।	190 टन/घंटा
2	इसलिए, सीओपीटी ने 12–02–2018 से मानदंड संशोधित किए थे। 15–02–2018 से 15–05–2018 के दौरान 42.80 प्रतिशत सीमेंट जलयानों ने 210 टन/घंटा अर्जित किए थे।	
3	इसलिए, अगले 2 वर्षों की अवधि के लिए 210 टन/घंटा के मानदंडों को बनाये रखा गया था।	210 टन/घंटा

(ग). उपर्युक्त स्थिति के मद्देनजर, और पाइपलाइन परिचालन के मामले में निर्धारण के लिए बर्थिंग नीति में निर्धारित किसी विशिष्ट कार्यपद्धति के अभाव में, और पाइपलाइनों के माध्यम से प्रहस्तित सीमेंट के लिए प्रस्तावित संशोधित मानदंडों को स्वीकार करते हुए, 04 जून 2017 से 15 मई 2018 तक पत्तन में अर्जित वास्तविक कार्यनिष्पादन के आधार पर है, यह प्राधिकरण सीमेंट की उक्त कार्गो मद के लिए पत्तन द्वारा प्रस्तावित संशोधित मानदंड अनुमोदित करता है।

(घ). दि अम्बुजा सीमेंट लिमिटेड (एसीएल) ने मार्च 2017 आदेश में इस प्राधिकरण द्वारा अनुमोदित 190 टीपीएच के स्तर पर कार्यनिष्पादन मानक को बनाये रखने का अनुरोध किया था। तथापि, सीओपीटी ने यह कहते हुए एसीएल द्वारा किए गए अनुरोध को स्वीकार नहीं किया था कि यह योजना कार्यपद्धति विशेष के अधीन प्रहस्तित सीमेंट कार्गो के लिए शुरू की गई है। विशिष्ट उपयोक्ताओं को चुनिंदा तरीके से इस योजना से छूट नहीं दी जा सकती। इसके अलावा, इस मामले की कार्यवाही के दौरान, एसीएल ने स्वीकार किया था कि वे कुछ सुधार के बाद 200 टीपीएच अर्जित करने में समर्थ हैं। एमओएस द्वारा जारी बर्थिंग नीति, 2016 का खंड 7.2 महापत्तन न्यासों से अपेक्षा करता है कि प्रत्येक वर्ष में प्रत्येक तिमाही में मानदंडों की लक्षित मानदंडों पर पहुंचने तक समीक्षा की जाए और मानदंडों में वृद्धि की जाए यदि मानदंड जलयानों के 60 प्रतिशत–70 प्रतिशत से अधिक निर्धारित मानदंड अर्जित किए जा रहे हों। सीओपीटी का प्रस्ताव बर्थिंग नीति के उक्त खंड का पालन करता है। कार्यनिष्पादन मानदंडों में यथास्थिति बनाये रखने के लिए एसीएल द्वारा किया गया अनुरोध बर्थिंग नीति के अनुसार नहीं पाया गया है।

(ङ). दि पेन्ना सीमेंट इंडस्ट्रीज लिमिटेड (पीसीआईएल) ने बताया था कि उनका औसत कार्यनिष्पादन अन्य सीमेंट टर्मिनलों की तुलना में बर्थ से डिस्चार्ज सिलोस दूर होने तथा सीमेंट डिस्चार्ज पाइपलाइनों में कई मोड़ होने के कारण प्राथमिक तौर पर कम रहा है। अतः पीसीआईएल ने बर्थ से डिस्चार्ज सिलो की दूरी पर ध्यान देने तथा उस आधार पर पृथक उत्पादकता मानदंड निर्धारित करने का अनुरोध किया था। प्रतिसाद में, पत्तन ने स्पष्ट रूप से कहा था कि इस तर्क को सीमेंट जलयानों के वास्तविक कार्यनिष्पादन द्वारा समर्थित नहीं किया गया है क्योंकि अल्ट्रा टेक सीमेंट जोकि वर्तमान में उत्तम निष्पादनकर्ता है और जिसके सिलोस जलयान से लगभग उतनी ही दूरी पर हैं जितने पीसीआईएल के हैं। इसके अलावा, सीओपीटी ने बताया है कि, किसी भी स्थिति में, सभी फर्मों के सीमेंट जलयानों की उत्पादकता का वर्ष 2019 तक परिचालनों के स्थायीकरण पर समग्रता से विश्लेषण किए जाने की आवश्यकता है। अतः, पाइपलाइनों के माध्यम से प्रहस्तित सीमेंट के लिए मानदंड 12 फरवरी 2018 से सीओपीटी द्वारा पहले से कार्यान्वित 210 टीपीएच के संशोधित मानदंड पर पत्तन द्वारा बनाये रखने का प्रस्ताव किया गया है। पूर्ववर्ती अनुच्छेद में स्पष्ट किए गए कारणों से तथा यह स्वीकार करते हुए कि पत्तन के प्रस्ताव का आशय पत्तन के कार्यनिष्पादन में सुधार करना है तथा पोत के वापिसी समय में सुधार करना है तथा चूंकि पत्तन द्वारा दाखिल किया गया प्रस्ताव एमओएस द्वारा जारी बर्थिंग नीति के निदेश के अनुपालन में है, इसलिए यह प्राधिकरण पत्तन के प्रस्ताव को अनुमोदित करता है।

(iv). बर्थिंग नीति दिशानिर्देशों का खंड 7.2 उद्धरित करते हुए जो यह विनिर्दिष्ट करता है कि यदि 60 प्रतिशत से 70 प्रतिशत जलयानों से अधिक निर्धारित मानदंडों को अर्जित कर रहे हों तो पत्तन मानदंडों में वृद्धि करेगा, सीओपीटी ने भी वास्तविक कार्यनिष्पादन की समीक्षा की है क्योंकि इसका कार्यान्वयन फरनेस ऑयल के सिवाय पीओएल उत्पादों के लिए है। मार्च 2017 आदेश में 650 टीपीएच की दर से निर्धारित मानदंड को संशोधित कर 800 टीपीएच किया गया है। पत्तन ने संशोधित मानदंड को 12 फरवरी 2018 से लागू किया है। मौजूदा प्रस्ताव में, पत्तन कार्यनिष्पादन मानदंड को संशोधित कर 1000 टीपीएच किए जाने की मांग की है जिसे पत्तन द्वारा पहले ही 15 जून 2018 से कार्यान्वित किया जा चुका है। इस स्थिति को निम्नलिखित तालिका में नीचे सारबद्ध किया गया है:–

पीओएल उत्पाद सिवाय फरनेस ऑयल

क्र.सं.	ब्योरे	उत्पादकता मानदंड
1	टीएएमपी ने 04–06–2017 से 03–06–2018 तक एक वर्ष की अवधि के लिए उत्पादकता मानदंड अनुमोदित किया था।	650 टन/घंटा
2	चूंकि एक दिशानिर्देश, यदि 60 प्रतिशत से 70 प्रतिशत से अधिक जलयान निर्धारित मानदंड अर्जित करते हैं तो पत्तन मानदंड में वृद्धि करेगाा। तदनुसार, सीओपीटी ने मानदंड 12–02–2018 से ऊध्वर्मुखी संशोधित किया था।	800 टन/घंटा
3	(क). 70 प्रतिशत से 80 प्रतिशत जलयानों ने 15–02–2018 से 15–05–2018 तक तिमाही अवधि के दौरान 800 टन प्रति घंटा के मानदंड को अर्जित किया था। (ख). इस अवधि में प्रहस्तित जलयानों की औसत उत्पादकता 984 टन/घंटा थी। अतः, प्रस्तावित मानदंड 15–06–2018 से लागू है।	1000 टन/घंटा

(v). बीपीसीएल ने बताया था कि वे 3 पीओएल उत्पादों अर्थात् एम.एस., नाथा और डीजल का प्रहस्तन कर रहे हैं। बीपीसीएल डीजल के लिए अधिकतम 1400 टन/घंटा अर्जित कर सकता है और मोटर स्पिरिट (एमएस) के लिए 900 टन/घंटा का कार्यनिष्पादन मानदंड अर्जित किया गया है।

(vi). सीओपीटी ने उन जलयानों का विश्लेषण किया है जिन्होंने वर्ष 2018–19 के लिए अप्रैल से सितम्बर 2018 तक दो तिमाहियों के लिए सीओटी, एनटीबी तथा एसटीबी में फरनेस ऑयल के सिवाय पीओएल उत्पादों का प्रहस्तन किया था। पत्तन ने बताया है कि 46 जलयानों में से जिन्होंने वर्ष 2018–19 के दौरान अप्रैल 2018 से सितम्बर 2018 तक एचएसडी का प्रहस्तन किया था, 29 जलयान अर्थात् कुल जलयानों के 63 प्रतिशत ने 1016 टीपीएच की औसत उत्पादकता अर्जित की है। अतः 1050 टीपीएच का मानदंड बर्थिंग नीति 2016 के खंड 7.2 के अनुसार एचएसडी के लिए प्रस्तावित किया गया है।

एमएस के संबंध में, 34 में से जो एमएस का प्रहस्तन करते हैं, 19 जलयानों अर्थात् 56 प्रतिशत ने 546 टीपीएच की औसत उत्पादकता अर्जित की है। अतः 600 टीपीएच का मानदंड एमएस के लिए प्रस्तावित किया गया है, जिसे 16 जलयानों अर्थात् 47 प्रतिशत ने अर्जित किया है।

नाथा के संबंध में, 10 जलयानों में से जो नाथा प्रहस्तन करते हैं, 4 जलयानों ने 747 टीपीएच की औसत उत्पादकता अर्जित की है। सभी 10 जलयानों (100 प्रतिशत) ने भी 700 टीपीएच की उत्पादकता अर्जित की है। अतः नाथा के लिए 750 टीपीएच का मानदंड प्रस्तावित किया गया है।

(vii). जैसाकि पहले बताया गया है, बर्थिंग नीति में पीओएल उत्पादों को कवर नहीं किया गया है। तथापि, यह स्वीकार करते हुए कि पत्तन का प्रस्ताव पत्तन के कार्यनिष्पादन में सुधार करना है तथा पोतों के वापिसी समय को कम करना है और चूंकि पीओएल उत्पादों की तीन श्रेणियों के लिए प्रस्तावित कार्यनिष्पादन मानदंड जिनकी तेल कम्पनियों द्वारा माँग की गई है और वर्ष 2018–19 में अप्रैल 2018 से सितम्बर 2018 तक पत्तन द्वारा अर्जित वास्तविक कार्यनिष्पादन के आधार पर बताया गया है, तीन पीओएल उत्पादों के लिए संशोधित कार्यनिष्पादन मानक पत्तन द्वारा यथा प्रस्तावित अनुमोदित किए गए हैं।

(viii). बीपीसीएल द्वारा कही गई बात के संबंध में कि उपस्कर तथा पाइपलाइनें डिजाइन किए गए पैरामीटरों से अधिक प्रवाह दर अर्जित करने के लिए सुरक्षा सीमा से बाहर नहीं जाया जा सकता, पत्तन ने बताया है कि तीन पीओएल उत्पादों के लिए विभिन्न उत्पादकता मानदंड प्रस्तावित करने वाले संशोधित प्रस्ताव के मद्देनजर, बीपीसीएल द्वारा कही गई बात प्रासंगिक नहीं पाई गई है।

(ix). पत्तन ने मामले की कार्यवाही के दौरान कहा था कि पत्तन द्वारा प्रस्तावित मानदंड पत्तन के अध्यक्ष के अनुमोदन से हैं। पत्तन ने बताया है कि यह संशोधित प्रस्तावित मानदंडों पर न्यासी बोर्ड का अनुमोदन प्राप्त करेगा और बोर्ड अनुमोदन की प्रतिलिपि इस प्राधिकरण को अग्रेषित कर देगा। पत्तन द्वारा यथा सहमत, सीओपीटी को सलाह दी जाती है कि इस मामले पर अपने न्यासी बोर्ड का अनुमोदन अग्रेषित करे।

(x). पत्तन का मौजूदा प्रस्ताव केवल मार्च 2017 आदेश में निर्धारित मानदंडों में संशोधन करने के लिए है। पत्तन ने मौजूदा प्रोत्साहन तथा जुर्माना योजना और मार्च 2017 आदेश में निर्धारित शर्तों में किसी संशोधन का प्रस्ताव नहीं किया है। ऐसी स्थिति में, प्रोत्साहन तथा जुर्माना योजना और मार्च 2017 में निर्धारित शर्तों को जारी रखने की अनुमति दी गई है।

(xi). पीओएल उत्पादों के लिए उत्पाद वार कार्यनिष्पादन के लिए पत्तन के प्रस्ताव के मद्देनजर, पत्तन ने एचएसडी, एमएस तथा नाथा का प्रहस्तन करने वाले जलयानों के लिए मानदंड संबंधी बर्थ घंटों के परिकलन के लिए एक टिप्पणी शामिल करने का प्रस्ताव किया है। कोई एकल घटक का प्रहस्तन करने वाले जलयानों के लिए, मानदंड संबंधी बर्थ घंटों का परिकलन करने के लिए लागू मानदंड सीधे लागू किया जाएगा। एक से अधिक घटकों का प्रहस्तन करने वाले जलयानों के लिए, मानदंड संबंधी बर्थ घंटे एक से अधिक घटकों के समवर्ती प्रहस्तन के समय समानान्तरतः प्रहस्तित घटकों के लागू मानदंडों के जोड़ पर विचार करते हुए परिकलित किए जाने का प्रस्ताव किया गया है। यह शर्त पत्तन द्वारा यथा प्रस्तावित अनुमोदित की गई है।

(xii). बर्थिंग नीति पूर्व–बर्थिंग विलंब और पोतों के लिए समग्र वापिसी समय को कम करने के प्रयोजन के लिए सभी महापत्तनों में वसूली किए जाने वाले लंगरगाह प्रभारों के निर्धारण हेतु भी दिशानिर्देश निर्धारित करती है। पिछले प्रशुल्क आदेश में, पत्तन से अनुरोध किया गया था कि भारत के राजपत्र में (अनुमोदित किए जाने वाले) आदेश की अधिसूचना की तारीख से दो महीनों के भीतर एमओएस द्वारा जारी बर्थिंग नीति के अनुसार लंगरगाह प्रभारों के निर्धारण हेतु प्रस्ताव दाखिल किया जाए। तथापि, सीओपीटी ने अब तक प्रस्ताव दाखिल नहीं किया है। सीओपीटी को पुनः सलाह दी जाती है कि एमओएस द्वारा जारी बर्थिंग नीति के अनुसार लंगरगाह प्रभारों के निर्धारण हेतु प्रस्ताव भारत के राजपत्र में (अनुमोदित किए जाने वाले) आदेश की अधिसूचना की तारीख से दो महीनों के भीतर दाखि किया जाए।

(xiii). 29 मार्च 2017 आदेश में अनुमोदित प्रोत्साहन तथा जुर्माना योजना आधारित कार्यनिष्पादन मानदंड 4 जून 2017 से लागू हुए थे और उक्त आदेश की वैधता एक वर्ष के लिए अर्थात् 3 जून 2018 तक थी। मूल प्रस्ताव में, पत्तन ने संशोधित मानदंडों की 4 जून 2018 से माँग की थी। तथापि, बाद में पत्तन ने तेल कम्पनियों द्वारा किए गए अनुरोध के आधार पर अपने पत्र दिनांक 16 नवम्बर 2018 द्वारा पीओएल उत्पादों के लिए प्रस्तावित संशोधित कार्गो वार मानदंडों का प्रस्ताव किया था।

नीति का खंड 7.2 विनिर्दिष्ट करता है कि यदि 60 प्रतिशत से 70 प्रतिशत से अधिक जलयान निर्धारित मानदंड अर्जित कर रहे हों तो पत्तन मानदंडों में वृद्धि करेंगे। बर्थिंग नीति पत्तनों से अपेक्षा करती है कि वे लक्षित मानदंडों को अर्जित किए जाने तक प्रथम वर्ष में प्रत्येक तिमाही में कार्यनिष्पादन मानदंडों की समीक्षा करें।

उक्त बर्थिंग नीति के अनुसार, पत्तन ने मार्च 2017 में अनुमोदित कार्यनिष्पादन मानदंडों को कार्यान्वित करने के बाद दो तिमाहियों अर्थात् जून 2017 से नवम्बर 2017 के लिए सीमेंट कार्गो हेतु अर्जित वास्तविक कार्यनिष्पादन की समीक्षा की थी। पाइपलाइनों के माध्यम से सीमेंट प्रहस्तन करने वाले 78.8 प्रतिशत जलयानों पर विचार करते हुए, 190 टीपीएच के पूर्व निर्धारित मानदंड अर्जित कर लिए थे और पीओएल उत्पादों का प्रहस्तन करने वाले 76.5 प्रतिशत जलयानों ने उक्त अवधि के दौरान 650 टीपीएच का पूर्व निर्धारित मानदंड अर्जित कर लिया था, पत्तन ने पाइप लाइन के माध्यम से प्रहस्तित सीमेंट के लिए कार्यनिष्पादन मानदंड 190 टन/घंटा से 210 टन/घंटा और पीओएल उत्पादों के लिए 650 टन/घंटा से 800 टीपीएच 12 फरवरी 2018 से संशोधित किया था और इस संबंध में ट्रेड परिपत्र जारी किया था।

उसके तत्पश्चात, पत्तन ने 15 फरवरी 2018 से 15 मई 2018 तक तीन माह की अवधि के लिए वास्तविक कार्यनिष्पादन की पुनः समीक्षा की थी जिसके द्वारा पत्तन ने बताया था कि पीओएल उत्पादों का प्रहस्तन कर रहे जलयानों के 70.80 प्रतिशत ने उक्त अवधि के दौरान 800 टीपीएच अर्जित किए थे और वास्तविक कार्यनिष्पादन के आधार पर पीओएल उत्पादों के लिए कार्यनिष्पादन मानदंड 800 टन/घंटा से संशोधित कर 1000 टन/घंटा किए हैं। पाइप लाइन के माध्यम से प्रहस्तित सीमेंट के लिए, पत्तन ने 210 टन/घंटा बनाये रखा था। पत्तन ने 15 जून 2018 से संशोधित मानदंड लागू करने के लिए एक व्यापार परिपत्र दिनांक 8 जून 2018 जारी किया था।

सीओपीटी द्वारा की गई कार्यनिष्पादन मानदंडों तथा वर्धित कार्यनिष्पादन मानदंडों की समीक्षा बर्थिंग नीति के खंड 7.2 के अनुसार है।

(xiv). तेल कम्पनियों के अनुरोध पर पीओएल उत्पादों के लिए पत्तन द्वारा उत्पाद वार उत्पादकता मानदंड प्रस्तावित करने के बाद, इस मामले की कार्यवाही की अंतिम अवस्था के दौरान बीपीसीएल ने पत्तन द्वारा अधिरोपित जुर्माने की वापिसी के बारे में एक संदर्भ दिया था। यह मामला पत्तन के डोमेन के अधीन आता है। इस प्राधिकरण का अधिकार दरमान और दरों को शासित करने वाली शर्तें का निर्धारण करना है।

(xv). दिशानिर्देश के अनुसार, इस प्राधिकरण द्वारा अनुमोदित दरें, भारत के राजपत्र में आदेश की अधिसूचना की तारीख से 30 दिनों की समाप्ति के बाद भावी प्रभाव से लागू होती है। इस दिशानिर्देश स्थिति से विपथन की मांग करने वाली विशेष परिस्थितियाँ नहीं हैं। अतः, पत्तन द्वारा प्रस्तावित संशोधित उत्पादकता मानदंड इस प्राधिकरण द्वारा सामान्यतः प्रदत्त अनुमोदन के अनुसार भारत के राजपत्र में आदेश की अधिसूचना की तारीख से 30 दिनों की समाप्ति के बाद लागू होंगे।

पत्तन ने दो वर्षों की अवधि के लिए संशोधित कार्यनिष्पादन मानदंडों की वैधता की मांग की थी। बर्थिंग नीति का खंड 8.5 विनिर्दिष्ट करता है कि कार्यनिष्पादन मानदंड तब तक प्रथम वर्ष के दौरान प्रत्येक तिमाही में संशोधित किए जाएंगे जब तक घटक हेतु लक्षित मानदंड प्राप्त नहीं कर लिए जाते। अनुवर्ती संशोधन बर्थ अवसंरचना के अपग्रेडेशन पर अथवा प्रतिवर्ष किए जाएंगे। कार्यनिष्पादन मानदंडों से जुड़े जुर्माने/प्रोत्साहन के कार्यान्वयन का प्रथम वर्ष पहले ही समाप्त हो चुका है और पत्तन ने प्रथम वर्ष के दौरान वास्तविक कार्यनिष्पादन की तिमाही समीक्षा के आधार पर दो बार मानदंड संशोधित किए हैं। ऐसी स्थिति में, अनुमोदित संशोधित मानदंडों की वैधता इसके लागू होने की तारीख से दो वर्षों की अवधि के लिए निर्धारित की गई है।

11.1. परिणामस्वरूप, और उपर्युक्त कारणों से, तथा समग्र विचार—विमर्श के आधार पर, निम्नलिखित संशोधित कार्यनिष्पादन मानदंड और संशोधित कार्यनिष्पादन मानदंडों से जुड़ी प्रोत्साहन तथा जुर्माना योजना अनुमोदित की गई हैः

"कार्यनिष्पादन मानदंडों के आधार पर प्रोत्साहन तथा जुर्माना योजना

1. कार्यनिष्पादन मानदंडः

क्र.सं.	कार्गो विवरण	उत्पादकता मानदंड
1.	पीओएल उत्पाद सिवाय फरनेस ऑयल, सीओटी, एनटीबी तथा एसटीबी पर प्रहस्तितः	
	(i). एचएसडी	1050टन/घंटा
	(ii). एमएस	600 टन/घंटा
	(iii). नाप्था	750 टन/घंटा
2.	पाइपलाइनों के माध्यम से प्रहस्तित सीमेंट	210 टन/घंटा/प्वाइंट

2. प्रोत्साहन/जुर्माना

(i) बर्थ में पोत के विराम के लिए निर्धारित समय की उपर्युक्त विनिर्दिष्ट कार्यनिष्पादन मानदंडों के आधार पर गणना की जाएगी।

(ii) (क). पूर्व—प्रारंभ और सम्पूर्ण होने के बाद की औपचारिकताओं के लिए अपेक्षित समय 6 घंटे माना जाएगा।

(ख). एक से अधिक पीओएल उत्पादों की ढुलाई करने वाले पोतों के लिए, कार्गो के प्रत्येक ग्रेड के लिए अतिरिक्त दो घंटे पूर्व—प्रारंभ तथा सम्पूर्ण होने के बाद की औपचारिकताओं के लिए सुविचारित की जाएगी।

(ग). एक से अधिक घटकों का प्रहस्तन करने वाले जलयानों के लिए, 'मानदंड संबंधी बर्थ घंटे' निम्नवत् परिकलित किए जाएंगे।

(iii). एकल घटक प्रहस्तन के समय के लिए – कार्यनिष्पादन मानदंड घटक के लिए लागू है।

(iv). एक से अधिक घटकों के सहमत प्रहस्तन के समय के लिए – समानान्तरतः प्रहस्तित घटकों के लिए लागू कार्यनिष्पादन मानदंडों का जोड़।

(v). बर्थ में विनिर्दिष्ट समय अर्जित करने में विफलता अथवा सफलता के लिए, जुर्माना/प्रोत्साहन नीचे दी गई तालिका के अनुसार लागू होगाः

क्र.सं.	मानदंड संबंधी घंटों से अधिक वास्तविक बर्थ घंटों के लिए जुर्माना		प्रोत्साहन (बचत किए गए बर्थ घंटों के लिए)	
	जलयान की वास्तविक कार्य अवधि (पोत का परिचालन पूरा होने तक कार्य बर्थ में बर्थिंग के बीच समय)	जुर्माना	जलयान की वास्तविक कार्य अवधि (पोत के परिचालन पूरा होने तक कार्य बर्थ में बर्थिंग के बीच समय)	प्रोत्साहन
1	विनिर्दिष्ट समय के 5 प्रतिशत के भीतर	शून्य	विनिर्दिष्ट समय के 5 प्रतिशत के भीतर	शून्य
2	विनिर्दिष्ट समय के 5 प्रतिशत से 15 प्रतिशत से अधिक	1.0 x बर्थ किराया	विनिर्दिष्ट समय के 5 प्रतिशत से 15प्रतिशत से कम	0.5 x बर्थ किराया
3	विनिर्दिष्ट समय के 15 प्रतिशत से अधिक	2.0 xबर्थ किराया	विनिर्दिष्ट समय के 15 प्रतिशत से कम	1.0 x बर्थ किराया

(vi). उपर्युक्त तालिका में निर्धारित जुर्माना जलयान के कार्गो परिचालन को पूरा करने के लिए लिए गए अतिरिक्त घंटे (अर्थात् वास्तविक घंटे – मानदंड संबंधी घंटे) के लिए वसूल किया जाएगा। प्रोत्साहन प्रत्येक बचत किए गए अतिरिक्त घंटे अर्थात् मानदंड संबंधी घंटा – वास्तविक घंटा के लिए देय होगा।

(vii). जुर्माना/प्रोत्साहन की गणना करने के प्रयोजन के लिए प्रत्येक जलयान द्वारा अर्जित वास्तविक कार्यनिष्पादन के परिकलन में, निम्नलिखित कारणों से परिचालन रूकने को अलग रखा गया हैः

(क). उप संरक्षक द्वारा यथा प्रमाणित सुरक्षित नौचालन के लिए ज्वारभाटा, डुबाव, आदि के लिए प्रतीक्षारत जलयानों का कोई विराम।

(ख). पाइलट की देरी से आपूर्ति और टग की अनुपलब्धता सहित पत्तन के कारण जलयान के नौचालन में कोई विलंब।

(ग). मौसम संबंधी विराम और विलंब।

(घ). पोतों के स्थानांतरण के कारण विराम तथा विलंब।

(ङ). पत्तन द्वारा प्राधिकृत बंकरों, मरम्मत आदि हेतु जलयान का कोई विस्तारित विराम।

(च). अधिकतम 30 मिनट अवधि तक डुबाव सर्वेक्षणों द्वारा उपभोग किया गया समय।

(छ). बर्थ में पत्तन द्वारा उपलब्ध करवाये गए उपस्कर का खराब होना/अनुपलब्धता।

3. उपर्युक्त यथा विनिर्दिष्ट कार्यनिष्पादन तथा जुर्माना/प्रोत्साहन मानदंड भारत के राजपत्र में आदेश की अधिसूचना की तारीख से 30 दिनों की समाप्ति के बाद लागू होंगे और दो वर्षों के लिए वैध रहेंगे।"

11.2. उपर्युक्त प्रावधान भारत के राजपत्र में पारित (किए जाने वाले) आदेश की अधिसूचना की तारीख से 30 दिनों की समाप्ति के बाद लागू होंगे और दो वर्षों के लिए वैध रहेंगे बशर्ते सीओपीटी के न्यासी बोर्ड को कार्गो परिचालनों के लिए संशोधित कार्यनिष्पादन मानदंड और प्रोत्साहन तथा जुर्माना योजना आधारित कार्यनिष्पादन मानदंड अनुमोदित करना होगा।

टी. एस. बालसुब्रमनियन, सदस्य (वित्त)

[विज्ञापन.-III/4/असा./535/18]

TARIFF AUTHORITY FOR MAJOR PORTS

NOTIFICATION

Mumbai, the 28th January 2019

No. TAMP/48/2018-COPT.— In exercise of the powers conferred by Section 48 of the Major Port Trusts Act, 1963 (38 of 1963), the Tariff Authority for Major Ports hereby approves Performance Norms based Incentive and Penalty Scheme for cargo operations at the Cochin Port Trust as in the Order appended hereto.

Tariff Authority for Major Ports

Case No. TAMP/48/2018-COPT

Cochin Port Trust - - - - - **Applicant**

QUORUM

(i). Shri. T.S. Balasubramanian, Member (Finance)

(ii). Shri.Rajat Sachar, Member (Economic)

O R D E R

(Passed on this 18th day of January 2019)

This case relates to the proposaldated 29 May 2018received from Cochin Port Trust (COPT) for approval of the Performance Norms based Incentive and Penalty Scheme for cargo operations.

2.1. The Ministry of Shipping (MOS) under cover of its letter dated 16 June 2016 has announced the Berthing Policy for Dry Bulk Cargo for Major Ports, 2016 and has requested all the Major Port Trusts to take action.

2.2. In this backdrop, the COPT had come up with a proposal in November 2016 for approving the Performance Norms based Incentive and Penalty scheme for two of the cargo items viz. POL Products (except Furnace Oil) and Cement handled through pipelines.

2.3. The cement handled by the port is through pipelines. The berthing policy does not prescribe norms or methodology for arriving at the performance norms for handling of dry bulk cargo through pipelines.

